हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
02 May 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. केंद्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया।

2. हरियाणा के वरिष्ठ प्रशासकों, शहरी योजनाकारों और रियल एस्टेट क्षेत्र के दिग्गजों ने "हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम,1975" को आधुनिक और सुदृढ़ बनाए जाने पर सहमति जताई।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ी जिले के गांव गोकुलपुर मे, गोकुलपुर आश्रम द्वारा गौ सेवा और जरूरतमंद लोगो व महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

4. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा कल ली जाने वाली नीट परीक्षा के लिए प्रबंध पूरे किए- चंडीगढ़ में छ परीक्षा केन्द्र बनाए गए।

5. हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकायों में आम और उप-चुनावों के दौरान कानून के विरूद्ध लगाए जा रहे पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग्स आदि का कड़ा संज्ञान लिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए नागरिकों को आपदा की तत्काल सूचना देने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम शुरू किया है। इस प्रणाली का परीक्षण करने के लिए आज दोपहर करीब 12 बजे नागरिकों के मोबाइल पर सायरन के साथ एक सूचना भेजी गई। परीक्षण के दौरान मिले संदेश में लिखा था – सतर्क नागरिक, सुरक्षित राष्ट्र।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नागरिकों को इस संदेश से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह भारत की नई मोबाइल आधारित आपदा संचार प्रणाली का परीक्षण संदेश है। इसे दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का उपयोग करके विकसित किया है।

श्री सिंधिया ने कहा कि भविष्य में, इसी प्रणाली के माध्यम से आपदा या आपात स्थिति में स्थानीय भाषा में और स्थान के अनुसार तत्काल अलर्ट भेजे जा सकेंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के वरिष्ठ प्रशासकों, शहरी योजनाकारों और रियल एस्टेट क्षेत्र के दिग्गजों ने हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 को आधुनिक और सुदृढ़ बनाए जाने पर सहमति जताई है।आज पंचकूला में भारत के 'इंस्टिट्यूट ऑफ़ टाउन प्लानर, के हरियाणा रीजनल चैप्टर' द्वारा आयोजित एक उच्च-स्तरीय गोलमेज चर्चा के दौरान यह सहमति बनी।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि राज्य के तेज़ी से बढ़ते शहरी परिदृश्य और विकास की बदलती ज़रूरतों के साथ तालमेल बिठाने के लिए शहरी नीतियों और नियामक ढांचों में लगातार बदलाव और सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा कि 1975 के इस अधिनियम ने पिछले पांच दशकों के दौरान राज्य में नियोजित शहरी विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे विकास के अगले स्तर तक ले जाया जाए।

श्री रस्तोगी ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि पूरे हरियाणा में संतुलित, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहरी विकास सुनिश्चित करने हेतु सरकारी संस्थानों, योजनाकारों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच आपसी तालमेल और समन्वित प्रयासों का होना अत्यंत आवश्यक है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रेवाड़ी जिले के गांव गोकुलपुर के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित भंडारे एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह और पूर्व विधायक रणधीर कापड़ीवास भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आश्रम द्वारा जरूरतमंद लोगों और महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गोकुलपुर आश्रम सनातन संस्कृति, आस्थाओं और परंपराओं का जीवंत केंद्र है! इस पवित्र स्थल पर बाबा गिरधारी दास जी महाराज ने लंबे समय तक अपनी तपस्या और त्याग के बल पर सबको आलोकित करने का काम किया! उन्होंने कहा कि सरकार गौ माता की सेवा और संरक्षण को लेकर बजट में 600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

गोकुलपुर पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री रामगढ़-भगवानपुर में अस्पताल की मांग को लेकर पिछले 320 दिनों से चल रहे धरने में ग्रामीणों से मिले। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने गांव में स्टेडियम व आयुर्वेदिक कालेज बनाने सहित अन्य मांगें मानने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना खत्म कर दिया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा कल ली जाने वाली नीट परीक्षा - 2026 के लिए चंडीगढ़ में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें कुल 2854 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ कोई एक मूल पहचान पत्र जैसे वोटर आईडी,आधार कार्ड, राशनकार्ड लाना होगा। वे पानी के लिए केवल पारदर्शी बोतल साथ ला सकते हैं।परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी और केंद्र में प्रवेश का समय 1 बजे से लेकर दोपहर डेढ बजे तक रहेगा।

दक्षिण चंडीगढ़, की नोडल अधिकारी, उप मंडलीय मजिस्ट्रेट श्रीमती ईशा कंबोज ने आज परीक्षा के आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों व प्रशासन द्वारा तैनात किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

---------------------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद प्रशासन सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों में कल आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर पूरे प्रबंध इए गए हैं। फरीदाबाद की अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया ने आज विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, स्वच्छ शौचालय, बैठने की उचित व्यवस्था और बिजली आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम और जैमर की व्यवस्था को परखा। उन्होंने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में कराई जाएगी तथा लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने और दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकायों में होने वाले आम एवं उप-चुनावों के दौरान विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगाए जा रहे पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स बोर्ड एवं होर्डिंग्स को लेकर आयोग ने कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग के सचिव गौरव कुमार ने कहा है कि यह आदर्श आचार संहिता और हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1989 का उल्लंघन है।आयोग ने सभी पर्यवेक्षकों, पुलिस अधिकारियों, व्यय पर्यवेक्षकों तथा संबंधित जिलों के उपायुक्तों को अपने-अपने क्षेत्रों में अनधिकृत स्थानों पर लगे पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं ताकि आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जा सके।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में 10 मई को होने वाले स्थानीय नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है।
हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा एक तरफ जहां लोगों से सम्पर्क साधकर अपने पक्ष में मतदान की अपील की जा रही है वहीं भाजपा अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को धार देने में भी लगी है।
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने आज, सांपला, नगर पालिका धारूहेड़ा और नगर परिषद रेवाड़ी की चुनावी बैठकों को संबोधित किया।
प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठकों का सिलसिला सुबह नगर पालिका सांपला से शुरू हुआ। सांपला स्थित

चुनाव कार्यालय में आयोजित होने वाली इस बैठक में सभी पार्षद प्रत्याशी, चुनाव प्रभारी और प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

श्री खरक ने बताया कि इन बैठकों का मुख्य एजेंडा चुनाव रणनीति को अंतिम रूप देना, बूथ स्तर पर प्रबंधन को सशक्त बनाना और संगठनात्मक तालमेल को और अधिक प्रभावी बनाना है।

---